





## एक नजर में

### श्रीमद् भागवत महापुराण के पांचवे दिन संत प्रीतम महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**मंदसौर।** पशुपतिनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत महापुराण का वाचन राष्ट्रीय संत प्रीतम महाराज के द्वारा किया जा रहा है जो कि 11 जून तक चलेगी। कथा के पांचवें दिन मंगलवार को कथा में ब्रजेश जोशी, पुष्पराजसिंह राणा, गायत्री प्रसाद शर्मा, विजयेन्द्र फांफरिया एवं कथा व्यवस्थापक विश्वमोहन अग्रवाल ने पौथी पूजन कर स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। पंचम दिवस की कथा में राष्ट्रीय संत प्रीतम जी महाराज ने बताया ब ?ही धूमधाम से ब्रज में आनंद हो रहा ब्रज मंडल के सभी गोप एवं गोपियों उत्सव बना रहे हैं भगवान श्री कृष्ण ने राक्षसनी पूतना का उद्धार किया। देवाधिदेव महादेव कैलाश पर्वत से नंद भवन में भगवान का दर्शन करने आए। स्वामी जी ने भगवान के बाल रूप में की अनेक बाल लीलाओं का वर्णन किया गुरुदेव ने बताया कि भजन भोजन और पूजा एकांत में होने चाहिए। चंदन लगाने से कोई साधु नहीं बन जाता कप? पहनने से साधु नहीं बन जाता जो सब में भगवान को देखता है जिनके मन में सबके प्रति समभाव है जिसके हृदय में दया का भाव है वह ही सच्चा साधु है संत है। सभी ब्रजमंडल के लोग इंद्रदेव की पूजा करने के लिए निकले तो भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि इंद्र की पूजा मत करो पूजा करो तो गौ माता की करो पूजा करो तो गिरिराज धरण की करो पूजा करो तो माता-पिता की करो जरूरतमंद की सहायता करो भूखे को भोजन करवाओ ब्रज मंडल के सभी गोप गोपियों के साथ गिरिराज धरण की पूजा करी इंद्र ने क्रोध किया मूसलाधार बारिश की पूरा ब्रजमंडल जलमग्न हो गया सारे बृजवासी भगवान श्री कृष्ण को कहने लगे कि हमें बचाओ हमें बचाओ तो भगवान बालकृष्ण लाल ने सात कोस के गोवर्धन उठा लिया बृजवासी ने पूछा लाल 7 कोस के गिरिराज जी आपने कैसे उठा लिए लाल बोल ( कछु माखन कौ बल ब ?ौ, कछु गोपन करी सहाय श्री राधे जो की कृपा से, मैने गिरवर लियो उठाए ) श्री कृष्ण ने कहा जो भी भक्त गिरिराज जी की भाव से परिक्रमा करेगा वह मुझे ही पाएगा मेरा वास हमेशा गिरिराज में ही होगा और कहा कि जैसे-जैसे कई काल ब ?ता जाएगा ऐसे ऐसे रोज एक तिल गिरिराज जी घटते जाएंगे। गुरुदेव कि आगामी कथा द्वारकापुरी गुजरात में 14 जून से 20 जून 2026 के मध्य होगी।

### शुद्ध शाकाहार से संस्कार और संस्कृति की पवित्रता बनी रहती है : मुनिश्री प्रणम्यसागर



**मंदसौर।** बीपीएल चौराहा स्थित तारबंगला मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में अर्हं योग प्रणेता पूज्य मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज ने कहा कि धर्म का मूल उद्देश्य पवित्रता और शुद्धता है। विभिन्न परंपराओं और मान्यताओं के बावजूद धर्म का सार मानव कल्याण और शुद्ध भावों से जुड़ा होता है। मुनिश्री ने कहा कि शुद्ध आहार केवल शाकाहार है तथा संस्कार और संस्कृति की पवित्रता बनाए रखने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बच्चों को शुद्ध और अशुद्ध पदार्थों के बीच का अंतर समझाने तथा जीवन में श्रेष्ठ उद्देश्यों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। धर्मसभा में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि संतों का सानिध्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने जैन समाज की आदर्श जीवन पद्धति की सराहना करते हुए समाज को जनसंख्या वृद्धि के विषय पर भी चिंतन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। सांसद सुधीर गुप्ता सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

### लोड शेडिंग से गरोठ की पेयजल व्यवस्था प्रभावित, नगर पालिका ने विद्युत विभाग को लिखा पत्र

**गरोठ।** नगर की पेयजल व्यवस्था इन दिनों लोड शेडिंग के कारण प्रभावित हो रही है। नगर के प्रमुख जल स्रोतों बंजारी, अंसर नदी, बारफुटिया एवं बर्रामा क्षेत्रों में रात्रिकालीन विद्युत कटौती के चलते समय पर पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। रात में एक से तीन बार तक लगभग एक-एक घंटे के लिए बिजली बंद होने से पेयजल पंपिंग व्यवस्था बाधित हो रही है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैठक, पत्राचार एवं दूरभाष के माध्यम से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होने के बावजूद बिजली आपूर्ति बाधित होने से जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# 5 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए तहसील गरोठ के ग्राम कुरलासी में लगभग 5 करोड़ रुपये बाजार मूल्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ राहुल चौहान ने बताया कि ग्राम कुरलासी में उद्योग विभाग को आवंटित शासकीय भूमि, सर्वे क्रमांक 888 एवं 889, कुल रकबा 6.16 हेक्टेयर पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 5 करोड़ रुपये है।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से शासकीय भूमि को सुरक्षित कर उसके नियोजित उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अर्जुन भदौरिया, नायब तहसीलदार निगम, रघुनाथ मचार तथा पुलिस विभाग से थाना प्रभारी बलवीर यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# ग्रीन स्पेस कार्यों पर की चर्चा

**मंदसौर।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान नगर परिषद सुवासरा में प्रस्तावित ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट कार्यों पर चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही शहरी क्षेत्र में हरित क्षेत्र के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद नगरी में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा क्रियान्वित की जा रही पेयजल सप्लाई परियोजना की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# नवीन आचार्य वर्ग का प्रकट समारोह

**मंदसौर।** ग्राम भारती जिला मन्दसौर द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 3 जून से 9 जून 2026 तक सरस्वती शिशु मंदिर, माल्या खेरखेड़ा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। वर्ग का प्रकट समारोह 8 जून की सायंकाल आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुखलाल आँजना (वर्ग पालक), कृष्णपाल सिंह आँजना, गजेन्द्र सिंह राठौड़ (जिला सचिव), रविन्द्र कुमार पाण्डेय (जिला उपाध्यक्ष), बगदीराम दास बैरागी (वर्ग संयोजक), महेश विश्वकर्मा (जिला प्रमुख) एवं रूपसिंह सिसोदिया उपस्थित रहे।

वर्ग में प्रांत स्तर के 2 अधिकारी, संघ के 1 अधिकारी, जिला समिति के 10 सदस्य, 8 संकुल संयोजक, 15 व्यवस्थाकार तथा 38 महिला एवं 7 पुरुष आचार्यों की सहभागिता रही।

प्रकट समारोह में शिक्षार्थियों द्वारा विभिन्न शैक्षिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया तथा शारीरिक योग एवं व्यायाम का प्रभावी प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ-पूजन एवं तुलसी-पूजन के साथ हुआ।

वर्ग के समापन अवसर पर प्रात:काल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी शिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा जगत अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में शिशु मंदिरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रभावी है। संस्कारयुक्त एवं राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा के माध्यम से ही भावी पीढ़ी का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मनोहर सिंह एवं सत्यनारायण साकुनिया द्वारा किया गया। वर्ग का परिचय कारूलाल प्रजापति ने कराया तथा अंत में विद्यालय संयोजक जसपाल आंजना ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी 89 लोगों की समस्याएं



**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 89 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

मंदसौर निवासी गोपाल ने स्वेच्छानुदान दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर नजीर शाखा प्रभारी अधिकारी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बाबुल्दा निवासी लिसी लुकोस ने समयमान, वेतनमान दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीएमएचओ मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सूठोद निवासी भागवतीबाई ने रास्ते की बाधा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि का कब्जा दिलवाने, विद्युत कनेक्शन लगवाने, रास्ता खुलवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, सम्मान निधी दिलवाने, फसल बिमा दिलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।



# जन्मदिवस पर किया पौधारोपण

**मंदसौर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के जन्मदिवस पर सांवलियाजी दर्शन के लिए जाते समय मंदसौर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम आटेला के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का साफा बांधकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इसके बाद नमो उपवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आम का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणा, विजय सुराणा, जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, जीतू यादव, बंटी चौहान, कमलेश सिसोदिया सहित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर** | मंदसौर के औद्योगिक विकास को मिली नई रफ्तार

# कमर्शियल प्लॉट्स की ई-बिडिंग शुरू



**मंदसौर।** जिले के जग्गाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से एमपीआईडीसी ने कमर्शियल भूखंडों की ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन भूखंडों पर बैंक, होटल, रेस्टोरेंट, वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट कार्यालय, ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान विकसित किए जा सकेंगे।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योगों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जग्गाखेड़ी में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिले के विकसित एवं प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों में 5900 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हैं, जिनसे 15 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। जग्गाखेड़ी फेज-1 में 78 औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जबकि फेज-2 में करीब 1200 करोड़ रुपये के निवेश से 4500 से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। कमर्शियल प्लॉट्स के विकास से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

## नीमच


## एक नजर में

### उर्वरक की सोसायटी में उपलब्धता और वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**नीमच।** जिले की सभी सोसायटी के गोदामों में डबल लाक केंद्रों से पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो। सोसायटी में नियमित रूप से उर्वरक का अग्रिम भण्डारण एवं किसानों को उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कृषि, सहकारिता एवं विपणन संघ अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि किसी भी सोसायटी में उर्वरक की कमी ना रहे। अग्रीम भण्डारण किया जाए। बैठक में बताया, कि यूरिया की आधी रैंक और एनपीके की आधी रैंक एक दो दिन में लग रही है। नीमच पर्याप्त मात्रा में डलब लाक केंद्रों में उर्वरक उपलब्ध है।

### समर कैंप आरोह-2026 के तहत ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता संपन्न, 150 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**नीमच।** नीमच जिला ताइक्कांडो संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग नीमच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप 'आरोह-2026' के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेरिया कला के सहयोग से एक दिवसीय ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत भवन के सामने स्थित डोम में किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से लगभग 150 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व स्वर्गीय निर्मल जी राठौर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात ग्राम सरपंच राजेश राठौर, मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह वर्मा, रेलवे विभाग के मुख्य स्वास्थ्य एवं मलेरिया निरीक्षक खेमराज मीणा तथा भोपाल से पधारे अमन पाथरे की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गों में भाग लिया।

# तालाब की जमीन पर फर्जीवाड़े का आरोप

- मृत खातेदार के नाम की जमीन बेचने का दावा, पटवारी-सरपंच पर मिलीभगत के आरोप



**नीमच।** जिले के बरखेड़ा हल्के में जमीन से जुड़े एक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सर्वे नंबर 936 और 938 की जमीन, जो तालाब क्षेत्र का हिस्सा बताई जा रही है, उसे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेच दिया गया।

ग्वालटोली के ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन करीब 100 वर्षों से काशीराम भील के नाम दर्ज थी। उनका दावा है कि काशीराम भील का लगभग 25 वर्ष पहले निधन हो चुका था और उनका कोई प्रत्यक्ष कानूनी वारिस नहीं था।

ग्रामीणों के अनुसार, 2024 में काशीराम भील के कथित छह वारिस सामने आए और उनके माध्यम से यह जमीन देवीलाल नामक व्यक्ति को बेच दी गई। आरोप है कि जमीन के हस्तांतरण के बाद इसके कुछ हिस्से अन्य लोगों को भी बेच दिए गए। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बाद जमीन पर कब्जे की तैयारी शुरू कर दी गई। इसके लिए तालाब क्षेत्र में मिट्टी डाली जा रही थी और खंभे गाड़े जा रहे थे।

**विरोध के बाद रुका काम-** स्थानीय लोगों के विरोध के बाद तालाब में मिट्टी भरने का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन के उपयोग में बदलाव से न केवल तालाब प्रभावित होगा, बल्कि वर्षों से उपयोग में आने वाला एक पारंपरिक रास्ता भी बंद हो सकता है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और पूरे प्रकरण में जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच कराने की बात कही है।

# दारू-भाटखेड़ा मार्ग पर पुल की मांग

- 15 हजार आबादी के लिए 4.38 करोड़ का एस्टीमेट तैयार, बजट अटका

**नीमच।** जिला मुख्यालय से वर्षाकाल में संपर्क कट जाने वाले दारू-भाटखेड़ा मार्ग के ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि पुल न होने से क्षेत्र की करीब 15,000 आबादी हर साल बारिश में प्रभावित होती है।

ज्ञापन में बताया गया कि इस मार्ग पर पुल न होने के कारण बारिश के दिनों में 8 से 10 गांवों का जिला मुख्यालय और आपस में संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। इससे स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों और हजारों किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि स्थानीय विधायक और जनता की पहल पर लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण उपसंभाग मंदसौर द्वारा इस नाले पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 437.78 लाख रुपए (लगभग 4.38 करोड़) का प्रथम स्तरीय प्राक्कलन (स्टेज-1 एस्टीमेट) तैयार किया गया था। यह एस्टीमेट इसी साल 2 फरवरी को आगामी कार्रवाई हेतु शासन को भेजा जा चुका है।

तकनीकी रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद, मुख्य बजट में इस कार्य हेतु राशि स्वीकृत नहीं हुई है, जिससे धरातल पर काम शुरू नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण इस स्थिति से असंतुष्ट हैं।

# श्रम योगी मानधन योजना शिविर

**नीमच।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित श्रमिकों के लिए शिविर का आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन तथा नगर पालिका परिषद नीमच व श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बंगला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका में मंगलवार 9 जून को आयोजित किया गया। यह शिविर आज भी प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। प्रथम दिवस 25 से अधिक हितग्राहियों ने योजना के तहत पंजीयन करवा कर शिविर का लाभ उठाया।

श्रम निरीक्षक सज्जन सिंह ने बताया कि कर्मचारीयों के आश्रितों व आम नागरिकों हेतु जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच है और उनके वेतन से कोई भी अंशदान शासन को जमा नहीं होता है उन को इस योजना में पंजीयन करवाकर 55 से लगाकर 200 तक प्रतिमाह अंशदान शासन को जमा करवाना है , एवं शासन द्वारा भी उतना ही पैसा हितग्राही के नाम से जमा करवाया जाएगा और 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 मासिक पेंशन मिलेगी एवं हितग्राही की मृत्यु होने पर नामित भी पेंशन के हकदार होंगे। व एक्सिडेंट डेथ होने पर चार लाख रुपए बीमा राशि प्राप्त होगी। सज्जन सिंह श्रम निरीक्षक ने बताया कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल तीन दस्तावेजों से आवेदन किया जा सकता है । शिविर में कपिल सैनी सहायक लिपिक, प्रवीण आर्य सिटी मिशन मैनेजर, देवीलाल प्रजापति वार्ड प्रभारी एवं सीएससी सेंटर से कार्मिक उपस्थित थे।

**एक नजर** | पुजारी को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

# देवनारायण मंदिर की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल



**नीमच।** मनासा तहसील के ग्राम फुलपुरा स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र देवनारायण मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मंदिर के वर्तमान पुजारी को पद से हटाने की मांग की।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि शासन द्वारा नियुक्त पुजारी पिछले लगभग 11 माह से नियमित रूप से मंदिर में पूजा-अर्चना नहीं कर रहा है। इसके चलते श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हो रही हैं और मंदिर की व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुजारी द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। महिलाओं के प्रति अनुचित भाषा और अशोभनीय आचरण करने के भी आरोप आवेदन में लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां मंदिर की गरिमा और धार्मिक वातावरण को प्रभावित कर रही हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित पुजारी के विरुद्ध थाना कुकड़ेश्वर में आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वह शराब और जुए जैसी गतिविधियों में भी संलिप्त रहता है, जिससे मंदिर की पवित्रता और सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को बताया कि देवनारायण मंदिर गुर्जर, गायरी सहित क्षेत्र के अनेक समाजों और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में मंदिर की प्रतिष्ठा बनाए रखने तथा धार्मिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए योग्य, धार्मिक प्रवृत्ति एवं सदाचारी व्यक्ति की नियुक्ति आवश्यक है।